

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सेवा सिंह मठारू सम्मानित

**संवाददाता** देहरादून। वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सेवा सिंह मठारू को शैल कला एवं ग्रामीण विकास समिति एवं हिल आर्ट एंड रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर लॉकडाउन में समाज को पत्रकारिता के माध्यम से जागरूक करने के उत्कृष्ट कार्य हेतु समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष स्वामी एस चंद्रा ने वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी सेवा सिंह मठारू को कोरोना वारियर कोविड–19 का प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

### उक्रांद के पूर्व संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह राणा के निधन पर शोक

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रान्ति दल द्वारा दल के वरिष्ठ नेता पूर्व संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह राणा के अकस्मात देहांत होने पर पार्टी कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह राणा को याद करते हुए दल के संरक्षक त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा कि स्व राणा के उत्तराखंड राज्य आंदोलन में भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। सन 2002 व 2007 में स्वर्गीय राणा घनसाली विधानसभा से दमदार तरीके से दल से चुनाव लड़े। पहाड़ के गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी के सानिध्य में राज्य आंदोलन संघर्षों में रहे। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

### श्रमिकों के खाते में डाले जाये एक एक हजार रूपये

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने उत्तराखण्ड शासन के श्रम सचिव से मुलाकात कर उन्हें पत्र सौंपते हुए कर्मकार श्रमिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए इन समस्याओं के समाधान का अनुरोध किया है और प्रतिमाह श्रमिकों के खाते में एक एक हजार रूपये डालने की मांग की है। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते लगाये गये लॉक डाउन में राज्य सरकार के श्रम विभाग की ओर से गरीब मजदूर वर्ग को राशन किट बांटी गई परन्तु उसमें एक वर्ग विशेष के ही मजदूरों को शामिल किया गया।

### कोरोना विषय पर ई–कवि गोष्ठी आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून द्वारा आज कोरोना विषय पर एक ई–कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने विधानसभा स्थित अपने कार्यालय से ई–शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के साथ कई लोग ऑनलाइन जुड़े रहे।

# उत्तराखंड में तेजी से बढ़ रहे है कोरोना के मरीज

**कोरोना कहर**

**संवाददाता**

दो बजे तक कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा अब 1488 तक पहुंच गया

अब तक कोरोना संक्रमित 15 लोगों की मौत हो चुकी है

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मंगलवार को दो बजे की हेल्थ बुलेटिन के अनुसार 77 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। वहीं, कोरोना संक्रमित महिला और होम क्वारंटाइन में रह रहे वृद्ध की मौत हुई है। कोरोना संक्रमित महिला सहारनपुर की रहने वाली थी और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहीं, जिस शख्स की होम क्वारंटाइन में मौत हुई वो एक जून को दिल्ली से लौटा था। प्रदेश में अब तक कोरोना संक्रमित 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण का ग्राफ लगातार बढ़ता जा जा रहा है। मंगलवार को दो बजे तक 77 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें टिहरी गढ़वाल 43, पिथौरागढ़ सात, हरिद्वार चार, नैनीताल चार, पौड़ी गढ़वाल चार, रुद्रप्रयाग चार, अल्मोड़ा एक, बागेश्वर तीन, देहरादून तीन और निजी लैब के चार मामले शामिल हैं। वहीं, 35 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं। प्रदेशभर में अब कोरोना संक्रमितों का आंकड़ा अब 1488 तक पहुंच गया है, जबकि 749 लोग पूरी तरह से ठीक हो गए हैं। इसके साथ ही 719 एक्टिव केस हैं।

**होम क्वारंटाइन में बुजुर्ग की मौतः** होम क्वारंटाइन में एक वृद्ध की मौत हो गई। वह एक जून को पत्नी के साथ दिल्ली से आए थे। तब से होम क्वारंटाइन थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को ने मौके पर पहुंचकर कोरोना जांच के लिए सैंपल लिया। पुलिस के मुताबिक आवास विकास, होली चौक निवासी 85 वर्षीय नंद थपलियाल और उनकी पत्नी रामेश्वरी देवी दिल्ली गए हुए थे। एक जून को वह दिल्ली से रुद्रपुर पहुंचे। सोमवार शाम को नंद ने परिजनों को घबराहट होने की बात कही। इसके बाद देर रात अचानक उनकी मौत हो गई।

**कोरोना संक्रमित के शव के अंतिम संस्कार को लेकर हंगामा**
मुरादाबाद के कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की मौत के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को नालापानी स्थित श्मशान घाट ले जाया गया। यहां एक बार फिर स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि दो दिन पहले ही संक्रमित आढ़ती के अंतिम संस्कार को लेकर भी हंगामा हुआ था। उस दौरान तय किया गया था कि अब दोबारा यहां पर कोरोना संक्रमित का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा, लेकिन दो दिन बाद ही दोबारा ये किया जा रहा है।

### कोरोना संक्रमित महिला की मौत

श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में भर्ती कोरोना संक्रमित 89 वर्षीय महिला की मौत हो गई। शेरपुर चांचक सहारनपुर निवासी महिला को आठ जून को श्री महंत इंदिरेश अस्पताल में भर्ती किया गया था। उसे सांस लेने में दिक्कत, उच्च रक्तचाप समेत अन्य स्वास्थ्य समस्याएं थी। कोविड गाइडलाइन के अनुसार भर्ती होने पर महिला का सैंपल जांच के लिए भेजा गया। सोमवार रात रिपोर्ट पॉजिटिव आई। महिला को दून अस्पताल शिफ्ट किया जाता, इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस–प्रशासन को इसकी सूचना दे दी गई है। कोरोना की गाइलाइन के अनुसार लक्खीबाग श्मशानघाट में महिला की अंत्येष्टि की जाएगी।

### बने 60 कंटेनमेंट जोन

उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अबतक प्रदेश में 1414 मामले सामने आ चुके हैं, जिससे सरकार के साथ ही आम जनता की भी परेशानी बढ़ गई है। प्रवासियों के उत्तराखंड आने के बाद से ही मामलों में तेजी के साथ इजाफा हुआ है। प्रदेश में जैसे–जैसे कोरोना संक्रमण का ग्राफ बढ़ रहा है। कंटेनमेंट जोन की संख्या में भी लगातार इजाफा हो रहा है। अभी राज्य में 55 कंटेनमेंट जोन हैं, जिसमें देहरादून में 25, हरिद्वार में 24, पौड़ी में दो, टिहरी में आठ और ऊधमसिंह नगर में एक कंटेनमेंट जोन है। उत्तराखंड में कोरोना का पहला मामला 15 मार्च को सामने आया था। शुरुआती दौर में संक्रमण को लेकर स्थिति नियंत्रण में थी, लेकिन जमातियों के यहां पहुंचने के बाद से मामले तेजी से बढ़ने शुरू हो गए और ग्राफ ऊपर चढ़ गया। फिर किसी तरह से हालातों पर काबू पाया, लेकिन लॉकडाउन–3 में मिली छूट के बाद प्रवासियों के लौटने का सिलसिला शुरू हुआ, तो कोरोना वायरस का प्रसार कई गुना बढ़ गया। जहां एक वक्त पर उत्तराखंड संक्रमण दर, रिकवरी रेट, मृत्यु दर आदि में देश से बेहतर स्थिति में खड़ा दिख रहा था, वहीं, एकाएक पूरी गणित गड़बड़ा गई। प्रदेश में मरीजों का रिकवरी रेट एक बार फिर बढ़ कर 51 फीसद पहुंच गया है।

# गैरसैंण बने प्रदेश की पूर्णकालिक राजधानी

**आक्रोश**

■ आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने जलाई अधिसूचना की प्रतियां

देहरादून। **संवाददाता**



उत्तराखंड क्रान्ति दल द्वारा राज्य सरकार द्वारा गैरसैंण भराड़ीसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी की अधिसूचना का घोर विरोध हाथों में काली पट्टी बांधकर अधिसूचना की प्रतियां जलाकर किया। यहां दल के कार्यकर्ता महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी के नेतृत्व में दल के केन्द्रीय कार्यालय में इकटठा हुए और वहां से प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्यालय बाहर प्रदर्शन करते हुए अधिसूचना की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया और कहा कि गैरसैंण को प्रदेश की स्थाई राजधानी घोषित की जाये और गैरसैंण भराड़ीसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी स्वीकार नहीं की जायेगी।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्पष्ट मानना है कि गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन की घोषणा जनभावनाओं के साथ घोर खिलवाड़ तथा शहीदों का अपमान है। वक्ताओं ने कहा कि दल गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने के संकल्प को पूरा करेगा इसके लिये आरपार की लड़ाई के लिये उक्रांद पूर्व की भांति तैयार है। इस अवसर वक्ताओं ने कहा कि जिस राज्य की स्थायी राजधानी नही है उसकी ग्रीष्मकालीन राजधानी बन गयी और यह स्वप्न न राज्य आंदोलनकारियों ने सोची थी, और न ही शहीदों ने, लेकिन दुर्भाग्य है कि भाजपा ने अपना छदम भेष राज्य की जनता को दिखा दिया हैं। भाजपा नीत राज्य सरकार व सरकार की सहयोगी विपक्ष कॉग्रेस की पहाड़ विरोधी रूप को गैरसैंण को लेकर दल जनता के बीच ले जायेगा व इसका जबाब जनता 2022 में देगी। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की स्थाई राजधानी गैरसैंण को घोषित किये जाने की मांग को लेकर दल लगातार संघर्ष को जारी रखेगा और समय समय पर इसके लिए आंदोलन भी करेगा।

### आप ने सभी 70 विधानसभाओं के लिए प्रभारी घोषित किए

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी उत्तराखंड प्रदेश के प्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली विधानसभा में पार्टी के विधायक दिनेश मोहनिया और उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर ने सभी 70 विधानसभाओं के लिए प्रभारियों की घोषणा की है। यहां गांधी ग्राम स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश संगठन मंत्री डीके पाल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि राज्य में यूथ के संगठन को मजबूत करने के लिए राज्य की 70 विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किये हैं। पूर्व में प्रदेश में पार्टी संगठन को भंग कर दिया गया था और प्रदेश में संगठन के विस्तार को गति देते हुए प्रत्येक विधानसभा में प्रभारियों की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से बड़ी विधानसभाओं में दो या उससे अधिक प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा प्रभारी पूरी विधानसभा में संगठन विस्तार और यूथ कमेटी गठन के लिए कार्य करेंगे। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।